# Recommendation of DFO

1. वन मण्डल सिंगरौली के अन्तर्गत प्रस्तावित वन भूमि रकवा 622.8783 हे0 में से रकवा 278.44 हे0 कक्ष क्रमांक आर.एफ. 276 एवं 281 आरक्षित वन भूमि है तथा रकवा 344.343 हे0 कक्ष क्रमांक पी.एफ. 277, 278 एवं 279 संरक्षित वन भूमि है।

2. वनमण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि 622.873 हे0 वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड ब्लाक–बी क्षेत्र में ओपनकास्ट माइनिंग हेतु उपयोग पर दिये जाने का प्रस्ताव है।

3. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वनभूमि कक्ष क्रं0 आर.एफ. 276, 281, पी.एफ. 277, 278 एवं 279 इस वन मण्डल के प्रचलित कार्य आयोजना के अनुसार हाथी कोरीडोर में सम्मिलित है।

4. वन मण्डल की कार्य आयोजना में हाथी कोरीडोर के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:–

(अ) 2.47 (9)– कोरीडोर में किसी भी प्रकार का कार्य जिससे कॉरीडोर की निरंतरता में व्यावधान उत्पन्न होता हो जैसे स्थायी भवन निर्माण, डिपो की स्थापना, लेबर कैम्प की स्थापना तथा अन्य स्थाई निर्माण कार्य आदि नहीं किये जावेंगे।

(ब) 2.47(10)– कोरीडोर में स्थित कक्षों को यथा संभव गैर वानिकी उपयोग हेतु हस्तानांतरित नहीं किया जाये। यदि ऐसा करना अवश्यंभावी हो तो सर्वप्रथम वैकल्पिक कॉरीडोर की स्थापना की जाये।

5. कार्य आयोजना के उक्त प्रावधान का पालन सुनिश्चित करने की शर्त पर उक्त कोयला उत्खनन हेतु स्वीकृति दिया जाना अनुसंशित है।

VIJAY SINGH IFS
Divisional Forest Officer
Singrauli (M.P.)